58

बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

संवेदक Sakriya Construction And Services Pvt. Ltd. (Regd. No-1220185), At-Satya Niwas, Road No-04, Shahi Colony, Hajipur, Dist-Vaishali, Pin-844101 के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 9498 दिनांक 02.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने के विरूद्ध दिनांक 08.09.2025 को समर्पित अपील अभ्यावेदन के सापेक्ष सुनवाई के संबंध में।

18/09/2025

## आदेश

संवेदक Sakriya Construction And Services Pvt. Ltd. के निदेशक राकेश कुमार, At-Satya Niwas, Road No-04, Shahi Colony, Hajipur, Dist-Vaishali, Pin-844101 एवं विभाग की ओर से कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बलिया उपस्थित।

प्रस्तुत मामला कार्य प्रमंडल, बलिया के अधीन शीर्ष MMGSUY योजनान्तर्गत निविदा(टेन्डर आई0डी0–140158) में कार्यानुभव प्रमाण पत्र में Edit करके समर्पित किये जाने के कारण बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के तहत संवेदक Sakriya Construction And Services Pvt. Ltd. के निबंधन को विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 9498 दिनांक 02.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने से संबंधित है।

उक्त कालीकरण आदेश के विरूद्ध संवेदक Sakriya Construction And Services Pvt. Ltd. द्वारा अपना अपील अभ्यावेदन दिनांक 08.09.2025 को अपर मुख्य सचिव महोदय के समक्ष समर्पित किया गया है।

संवेदक द्वारा संदर्भित निविदा में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, महुआ से संबंधित कुल Agreement Amount 3,49,35,953/– एवं Work done Amount 3,29,14,816/– का कार्यानुभव प्रमाण समर्पित किया गया।

उक्त अनुभव प्रमाण पत्र का सत्यापन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बलिया द्वारा कार्यपालक अभियंता, कार्य प्रमंडल, महुआ से कराने के उपरांत पाया गया कि प्रश्नगत अनुभव प्रमाण पत्र सही है परंतु Agreement Amount 1,49,35,953/–(एक करोड़ उनचास लाख पैंतीस हजार नौ सौ तिरपन रूपये मात्र) है एवं Work done Amount 1,29,14,816/–(एक करोड़ उनतीस लाख चौदह हजार आठ सौ सोलह रूपये मात्र) है।

संवेदक द्वारा सुनवाई के दौरान बताया गया कि मेरे ऑपरेटर द्वारा भूलवश Agreement Amount 1,49,35,953/– के स्थान पर 3,49,35,953/– एवं Work done Amount 1,29,14,816/– के स्थान पर 3,29,14,816/– अपलोड कर दिया गया है।

साथ ही यह भी बताया गया कि उनके छोटे भाई की मृत्यु गंभीर बीमारी के कारण दिनांक 12.08.2025 को हो गई है एवं परिवार के जीविका का एकमात्र साधन यही कंपनी है। उक्त के संबंध में अपनी गलती को स्वीकार करते हुए माफ करने का अनुरोध किया गया तथा इसकी पुनरावृत्ति नहीं किये जाने का आश्वासन दिया गया।

वर्णित तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर संवेदक Sakriya Construction And Services Pvt. Ltd. (Regd. No-1220185) द्वारा समर्पित अपील अभ्यावेदन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए विभागीय सकारण आदेश ज्ञापांक 9498 दिनांक 02.09.2025 द्वारा अगले 02 (दो) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किये जाने की अवधि को घटाकर अगले 03(तीन) महीनों के लिए कालीकृत किया जाता है।

तदनुसार वाद निष्पादित।

18/9/25

(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–134 / 2025 10287 / पटना, दिनांक– 24/9/25

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/9/25

(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–134 / 2025 10287 / पटना, दिनांक– 24/9/25

प्रतिलिपि– सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/9/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–134 / 2025 10287 / पटना, दिनांक– 24/9/25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं अभियंता प्रमुख के निजी सहायक, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

24/9/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक:–14 / अ0प्र0–14–134 / 2025 10287 / पटना, दिनांक 24/9/25

निबंधित

प्रतिलिपि:– संवेदक Sakriya Construction And Services Private Limited, Add:- At-Satya Niwas, House No.-60 Road No.-4, Shahi Colony Hajipur ,Vaishali Pincode: 844101 को सूचनार्थ प्रेषित।

24/9/25

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–134 / 2025 10287 / पटना, दिनांक– 24/9/25

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

24/9/25

सरकार के संयुक्त सचिव